## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस ने बस स्टैंड में मनाया जन्मदिन

**सिंगोड़ी।** सिंगोड़ी बस स्टैंड में ब्लाक कांग्रेस और क्षेत्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिवस केक कटकर मनाया। तथा इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर अतिश्वजी की और जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष जैन तथा पदाधिकारीयो और कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ के दीर्घायु और निरोगी होने की प्रार्थना की।इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ युवा नेताओं ने भाग लिया।

### आज राष्ट्रनेत्री इंदिरा जी की जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जन्म जयंती सादगी व सद्भाव के साथ मनाई जाएगी। सर्वप्रथम नगर के इंदिरा तिराहा स्थिति इंदिरा जी की प्रतिमा पर कांग्रेसजन माल्यार्पण करेंगे। इंदिरा प्रियदर्शनी पार्क पहुंचकर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रनेत्री को नमन कर उनके कृतित्व पर प्रकाश डालेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार 19 नवम्बर 2025 दिन बुधवार को दोपहर 02 बजे देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती मनाई जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस, युवक कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस सहित कांग्रेस के समस्त विभाग व प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्तागण इंदिरा तिराहा पहुंचकर माल्यार्पण करेंगे। जिसके उपरांत समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण इंदिरा प्रियदर्शनी पार्क पहुंचेंगे यहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती से प्रारंभ हुई संगोष्ठी का समापन किया जाएगा।

### इच्छुक अधिवक्ताओं से निर्धारित प्रारूप में 16 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाडा के अंतर्गत पद संख्या 01 चीफ, 01 डिप्टी चीफ एवं 03 असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की जानी है। इसके लिये इच्छुक अधिवक्ता निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 16 दिसंबर 2025 को शाम 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए.डी.आर. भवन छिन्दवाड़ा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# सड़क पर अतिक्रमण से हो रही आए दिन दुर्घटनाएं, नगर निगम की ठंडी हुई मुहिम

## अतिक्रमण हटने के चंद दिन बाद ही पुन: लग जाती है दुकानें, प्रशासन बेबस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

सड़कों पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं का एक बड़ा शहर में जहां तहां पसरा हुआ अतिक्रमण है। अतिक्रमण होने से बचाने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। चाहे प्रशासन हो या स्वयं अतिक्रमणकारी। समझ का विकसित होना बहुत जरूरी है। नगर निगम की टीम अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाती है और चंद दिनों में ही पुनः अतिक्रमण जस का तस हो जाता है। एक बार अतिक्रमण हटने के बाद अगर पुनः अतिक्रमण किया जाए तो दुकानदार पर जुर्माने की कार्यवाही की जानी चाहिए और एफआईआर भी दर्ज होनी चाहिए। जब तक कठोर कार्यवाही नहीं की जाएगी तब तक अतिक्रमण हटाना असंभव है।

नगर निगम के पास पूरे शहर का अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का जिम्मा है, परंतु वह शहर में कुछ समय तक अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाने के बाद जस की तस स्थिति निर्मित हो जाती है। दरअसल नगर निगम क्षेत्र के गोलगंज, पोस्टऑफिस के सामने, टाऊन हॉल, गांधी पुतले के पीछे, गल्ला मार्केट, राज टॉकीज एरिया से लेकर गांधीगंज, शनिचरा बाजार सब्जी



मार्केट की सड़कों पर अतिक्रमण हो रहा है। ऐसा नहीं कि निगम अधिकारी कार्यवाही नहीं करते हैं, परंतु कार्यवाही के नाम पर अपने कर्तव्य से जरूर विमुख हो रहे हैं, यही कारण है कि उनकी पीठ फेरते ही अतिक्रमण पुनः अपनी स्थिति में आ जाता है। उल्लेखनीय है कि शहर के कई क्षेत्रों में निगम अधिकारियों की कारगुजारियों के कारण अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। हर रोज यहां पर नए-नए अतिक्रमण हो रहे हैं। उनको हटाने के बजाए अतिक्रमण दस्ता अपने कर्तव्य से विमुख होता नजर आ रहा है। शहर की सड़कों पर जमे अतिक्रमण के खिलाफ ऐसा नहीं कि कार्यवाही नहीं होती है। एक माह में एक चार होती है वह भी नाम मात्र की। जिसे देखने के बाद आम जन भी कहने लगा है कि अतिक्रमण दस्ता कार्यवाही ऐसे कर रहा है जैसे निगम और आमजन के ऊपर उपकार कर रहा हो।

## बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित ने इफको-एमसी के कृषि रसायनों के विक्रय का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक सहकारी समिति चौरई जिला छिंदवाड़ा में किया गया। इफको-एमसी भोपाल से रीजनल बिजनेस मैनेजर विजय कुमार द्विवेदी, टेरिटरी मैनेजर ओम प्रकाश मेवाड़ा,अरुणेंद्र पांडे, विशाल कीर उपस्थित रहे.कार्यक्रम में इफको-एमसी भोपाल से श्री विजय कुमार द्विवेदी ने कृषि रसायनों के बारे में जानकारी देते हुए संस्था इफको-एमसी के 3 मूलभूत सिद्धांतों ₹सही दवा - सही दाम एवं किसान सुरक्षा बीमा योजना₹ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।और कहा कि इफको-एमसी का मिशन किसानों की सुरक्षा, स्वस्थ्य और सुरक्षित पर्यावरण पहली प्राथमिकता है और बताया इफको-एमसी द्वारा पर्यावरण के अनुकूल नयी श्रेणी के कृषि रसायन बहुत जल्द ही किसान बंधुओ को उपलब्ध कराये जायेंगे । जिससे किसानों की लागत को कम किया जा सकता है और उनकी आय बढ़ाने में मददगार साबित होंगे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंडित श्री रमेश चंद्र दुबे ने समिति को कृषि रसायनों का व्यवसाय शुरु करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और किसानों को इसका लाभ कैसे मिले इस विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

## पांढुर्णा के ग्राम हिवरापृथ्वीराम में राहत, संदिग्ध 31 सैंपल में एन्थ्रेक्स नहीं

**पांढुर्णा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पांढुर्णा जिले के ग्राम हिवरापृथ्वीराम में संभावित एन्थ्रेक्स बीमारी की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम में निवासरत संदिग्ध 31 व्यक्तियों के ब्लड सैंपल लिये गये थे। इन सैंपलों को एन्थ्रेक्स बीमारी की पुष्टि की जाँच के लिये नेशनल सेंटर ऑफ डिसीज कंट्रोल (एनसीडीसी) लैब नई दिल्ली भेजा गया था। नई दिल्ली से प्राप्त 31 व्यक्तियों के ब्लड सैंपल की जाँच रिपोर्ट में सभी सैंपल निगेटिव पाये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है कि वर्तमान में ग्राम हिवरापृथ्वीराम की स्थिति पूर्णतः सामान्य एवं नियंत्रण में है।

## जनसुनवाईः सुनी 112 आवेदकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के मार्गनिर्देशन में एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 112 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, पैतृक संपत्ति का बटवारा करने, खसरा-नक्शा दुरूस्त कराने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। इसके साथ ही कलेक्टर श्री नारायन के निर्देशानुसार जनसुनवाई में आने वाले नागरिकों के लिए फ्री शुगर और बीपी जाँच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है । जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम चारगांव भाट के श्री रेवाराम डोले ने पीएचई पाईप लाइन व रोड में अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा दिलाने, ग्राम ईकलबिहरी के नूरानी मस्जिद कमेटी उमरानाला के श्री अनवर बेग ने कब्रिस्तान के लिये भूमि आवंटित करने आदि आवेदन आए।

## सांसद ने प्रधानमंत्री से इलाज के लिए दिलाए 3 लाख

**छिंदवाड़ा।** दिन दुखियों की मदद के लिए हर दम तत्पर रहने वाले सांसद बंटी विवेक साहू लगातार मरीजों के इलाज के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के माध्यम से लाखों रूपयें की सहायता राशि उपलब्ध करा रहे है। सहायता राशि मिलने से मरीजों का छिन्दवाड़ा सहित अन्य महानगरों में बेहतर इलाज संभव हो पा रहा है। सांसद की पहल पर मोआदेई निवासी किडनी पीड़ति मरीज का गुजरात के नाडियाद में ईलाज हो सकेगा। सांसद के प्रयास से किडनी की बीमारी से जूझ रहे पीड़ति व्यक्ति को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों मोआदेई निवासी कुमारी स्मृति सूर्यवंशी ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए उनके पिता कामता सूर्यवंशी के किडनी की बिमारी की जानकारी दी और अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया एवं किडनी के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र प्रेषित कर किडनी की बीमारी से जूझ रहे पीड़ति व्यक्ति के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से पीड़ति व्यक्ति के ईलाज के लिए 3 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। उक्त राशि मिलने पर पीड़ति व्यक्ति का गुजरात के नाडियाद में ईलाज हो सकेगा। सहायता राशि मिलने पर किडनी की बीमारी से जूझ रहे पीड़ति व्यक्ति एवं उसके परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## 163 शिकायतों का मौके पर ही किया गया त्वरित निराकरण

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये। इन शिविरों में 163 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 163 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।

## हर जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू उनके संपर्क में आने वाले हर जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे है। चाहे वो आर्थिक रूप से लोगों को बीमारी के लिए सहायता दिलवाने की बात हो या अपनी सांसद निधि से लोगों की आर्थिक मदद करने की बात हो। सांसद की पहल पर 4 मरीजों को 1 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई जिसमें 3 मरीजों का नागपुर के अस्पतालों में एवं 1 मरीज का छिन्दवाड़ा के अस्पताल में बेहतर इलाज हो सकेगा। सांसद श्री साहू मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के माध्यम से हर माह आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को लाखों रूपयें की आर्थिक मदद दिलवा रहें है। गत दिनों सांसद श्री साहू से मरीजों एवं उनके परिजनों ने मुलाकात करते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे लेकर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों की आर्थिक मदद करने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने छिन्दवाड़ा निवासी महेश पिता बेनीराम सोनी को 60 हजार दिए है इनका इलाज छिन्दवाड़ा के अस्पताल में होगा वहीं पांढुर्णा निवासी विजेता पति सुखदयाल सकोम को 10 हजार, गुजरखेड़ी सौंसर निवासी विजया पति विजय डोंगरे को 10 हजार एवं छिन्दवाड़ा निवासी अनिल पिता अजाबराव कराड़े को 65 हजार की राशि दी हैं इन तीनों मरीजों का इलाज नागपुर के अस्पतालों में होगा। गौरतलब है कि सांसद बंटी विवेक साहू से उनके सांसद कार्यालय एवं जिले के प्रवास के दौरान कई लोगों द्वारा आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया जा रहा है। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू द्वारा भी आवेदनों पर तत्काल ही गंभीरता दिखाते हुए लोगों की हर संभव मदद की जा रही है।

## छात्रो को नशे से दूर रेहने की दी सलाह, ओर दिलाई शपथ

**छिंदवाड़ा।** समाज मे नशाखोरी की विक्रति मे बढ़ोत्तरी मे कमी लाने के लिए स्थानीय शासकीय एकीकृत हाई स्कूल लेहगडुआ मे शा उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य आर पी साहू की उपस्थिति मे मातृ सेवा संघ द्वारा संचालित पंडित आर डी शर्मा मेमोरियल नशा मुक्ति सह पुर्नवास केंद्र छिंदवाड़ा के तत्वावधान मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार के निर्देशन मे किया गया । नशामुक्ति केंद्र के डायरेक्टर पंडित राकेश शर्मा ने बताया की आयोजन का मुख्य उद्वेश्य अभियान को आमजन तक पहुंचाना , सामुदायिक भागीदारी को बढाना ओर नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा मे सामुहिक प्रयासो को मजबूत कर नशा मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करना है। इस अवसर पर परामर्श दाता श्यामल राव ने कहा कि तम्बाकू का नशा का सेवन एक सामाजिक बुराई के रूप मे फैल रहा है, जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेता है तथा उसको शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता है साथ ही बच्चो की शिक्षा व प्रगति रुक जाती है। यदि किसी व्यक्ति या बालक का किसी मादक लिकर, स्वापक औषधी या मादक प्रभावी पदार्थ के विक्रय, फुटकर क्रय- विक्रय ,उसे साथ रखने, उसकी आपूर्ति करने या तस्करी करने के लिए उपयोग किया जाना व बालक को मादक लेकर या स्वापक औषधि या मना प्रभावित पदार्थ देने के लिए शास्ति है। नशे की लत से दूर रखने के लिए उपस्थित महिलाओं से कहा कि वे अपने- क्षेत्र को नशा से मुक्त करने एवं नशीले पदार्थों से दूर रखने की सलाह दे,। सामाजिक कार्यकर्ता पायल बरुआ ने उपस्थित छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शाला मे नैतिक शिक्षा के साथ उनके संस्कार को विकसित करने हम सभी को पहल करने की आवश्यकता है यदि इन विषयो पर ध्यान नही दिया जाता है तो छात्र गलत दिशा मे चले जाते हैं। कार्यक्रम उपरांत छात्रो के लिए नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर रैली निकाली कार्यक्रम को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता पायल बरुआ,शिक्षक इकबाल कुरेशी, विशाखा भूमरकर,महिमा साहू,आकांक्षा ठाकुर. का सहयोग रहा।



## कलेक्टर ने किया जिले में 9 धान उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उप सचिव, म.प्र.शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र 30 अक्टूबर 2025 द्वारा जारी उपार्जन नीति के क्रियान्वयन के लिये निर्धारित एसओपी के अनुसार खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिये जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा जिले में धान उपार्जन का कार्य 01 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक सप्ताह में 05 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक संपादित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-2026 में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 3353 हैं। कलेक्टर श्री नारायन द्वारा पंजीकृत किसानों की संख्या एवं दूरी को दृष्टिगत रखते हुये धान उपार्जन केन्द्रों एवं उपार्जन संस्थाओं के निर्धारण के लिये जिला स्तरीय उपार्जन समिति से अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार जिले में 09 धान उपार्जन केन्द्र तहसील चौरई में सेवा सहकारी समिति झिलमिली, तहसील बिछुआ में लेम्पस सेवा सहकारी संस्था करेल, तहसील तामिया में लेम्पस सेवा सहकारी संस्था झिरपा और लेम्पस सेवा सहकारी संस्था चावलपानी, तहसील छिंदवाड़ा में सहकारी विपणन समिति मर्यादित छिंदवाड़ा, तहसील जुन्नारदेव में सेवा सहकारी समिति दमुआ, तहसील हर्रई में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति हर्रई एवं तहसील अमरवाड़ा में सहकारी विपणन समिति मर्यादित अमरवाड़ा व आदिम जाति सेवा सहकारी समिति छुई निर्धारित किये गये हैं।

## सांसद ने दिल्ली की बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जताई चिंता

**दिल्ली के संसद भवन में आयोजित उपभोक्ता मामले, खाद और सार्वजनिक वितरण की महत्वपूर्ण बैठक में सांसद ने रखे अपने सुझाव**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

संसद की महत्वपूर्ण कमेटी उपभोक्ता मामले, खाद और सार्वजनिक वितरण की बैठके लगातार आयोजित की जा रही हैं। इस महत्वपूर्ण कमेटी में बतौर सदस्य सांसद बंटी विवेक साहू लगातार शामिल होकर अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत कर रहे है। पूर्व में हुई बैठकों में सांसद श्री साहू द्वारा दिए गए सुझाव पर कमेटी ने अमल करते हुए उसे देश भर में लागू भी किया है। सोमवार को संसद भवन दिल्ली में कानीमोजी करूणानिधि की अध्यक्षता में लगातार दो बैठके आयोजित की गई, जिसमें सांसद श्री साहू ने कमेटी के समक्ष बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए अपने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी कमेटी के समक्ष रखे।

बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने कमेटी के समक्ष अपने सुझाव रखते हुए बताया कि बच्चें फ़ास्ट फुड, सॉफ्ट ड्रिंक और पेकेज्ड खाद्य पदार्थ का उपयोग करते है जिसमें शुगर की मात्रा अधिक होती है। कंपनियां फ़ास्ट फूड, ड्रिंक और खाद्य पदार्थों को स्वादिष्ट बनाने के लिए उसमें अधिक मात्रा में शुगर मिलाती है। जिससें बच्चों में बड़ें होकर हार्मोंस की गड़बड़ी, मोटापा सहित अन्य बिमारियां होने का खतरा रहता है। हमें सबसे पहले कंपनियों पर नियंत्रण रखते हुए खाद्य पदार्थों में शुगर की मात्रा निर्धारित करनी होगी, साथ ही सेलिब्रिटी द्वारा खाद्य पदार्थों के ऐड पर भी रोक लगानी होगी। साथ ही आर्टिफिशियल फ्लेवर्स पर भी निगरानी रखनी होगी।

सांसद श्री साहू ने कहा कि आर्टिफिशियल फ्लेवर्स के उपयोग से कई लोगों में एलर्जी हो रही है और साथ ही बच्चों को बचपन में ही ब्लड शुगर की समस्या सामने आ रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि कंपनियों के खाद्य पदार्थों के पैकेट्स में उसमें उपयोग किए गए सामग्री की जानकारी उल्लेखित होनी चाहिए, जिसमें यह लिखा होना चाहिए कि इसमें यह चीज इतनी मात्रा में मिली हुई है।

## आस्था का केंद्र गोमुख मेले में उमड़ रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

**उमरेठ की पंचायत जमनिया जेठू में 15 दिनों तक लगता है मेला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उमरेठ के पास ग्राम पंचायत जमनिया जेठू में गोमुख मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। गोमुख मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य के साथ प्राचीन प्रतिमाओं के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा से 15 दिन तक मेले का आयोजन किया जाता है लेकिन अब यह सिमटकर एक सप्ताह हो गया है। मंदिर में शंकर, पार्वती, कार्तिक, चित्रसेन, कालभैरव, वीरभद्र, महावीर स्वामी की प्रतिमाएं विराजमान है। पत्थरों के बीच गोमुख समान चट्टान से लगातार जलधारा गिरती है। मेले में शुरू के तीन चार दिन भारी भीड़ जुटती है लेकिन बाकी दिनों में मेला खाली नजर आता है। मेले में आभूषणों से लेकर घरेलू जरूरतों की सामग्री तक की दुकाने लगती है। उमरेठ से पांच किमी दूर गौरपानी दमुआ माल पंचायत क्षेत्र में वन भूमि पर मेला लगता है। लगभग 50 एकड़ वन भूमि का उपयोग किया जाता है। मेला की नीलामी हमेशा विवाद का विषय रही है। ग्रामीणों के अनुसार मेले के वन क्षेत्र में अवैध मदिरा विश य तथा जुआ कई स्थानों पर होता है जिसके कारण दुकानदारों और आम लोगों को परेशानी होती है। यहां गौमुख के आकार से प्राकृतिक जलधारा निकालती है इसकी वजह से धार्मिक मान्यताओं, स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच यह स्थल लोकप्रिय है।

## हेवी ब्लास्टिंग से धंसे किसानों के कुएं, तीन साल से फरियाद अनसुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

हिवरा सेनाडवार क्षेत्र के किसानों ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचकर गंभीर आरोप लगाए। किसानों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से क्षेत्र में संचालित क्रेशर द्वारा 80 फीट गहरी होल मशीनों से की जा रही हेवी ब्लास्टिंग के कारण 8-10 किसानों के कुएं धंस चुके हैं, जबकि लगभग 20 से अधिक कुओं में ब्लास्टिंग के कंपन से जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। किसानों ने बताया कि शासन-प्रशासन को कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें देने के बावजूद अब तक कोई अधिकारी मौके का निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। इसी वजह से किसानों की खेती प्रभावित हो रही है और वे पानी की कमी से जूझ रहे हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि ब्लास्टिंग से पहले क्रेशर संचालक किसानों को खेतों और उनके पशुओं को दूर रखने की चेतावनी देते हैं तथा कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की हानि के वे जिम्मेदार नहीं होंगे। किसानों का कहना है कि यह तरीका उन्हें डराने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि ब्लास्टिंग के कंपन से खेतों की मिट्टी और फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिससे उनकी पैदावार चौपट हो रही है। किसानों ने साफ चेतावनी दी कि यदि प्रशासन इस बार भी जांच नहीं करेगा तो वे परिवार और बच्चों सहित कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरना देने को मजबूर होंगे।

## बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने उठाया शिविर का लाभ

**छिन्दवाड़ा।** भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के तहत मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा पेंशनर्स की सुविधा के लिए 18 नवंबर को जबलपुर में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि शिविर में पेंशनर्स को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया समझाई गई, जिससे उपस्थित पेंशनर्स को आधुनिक डिजिटल सुविधाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।शिविर का मुख्य उद्देश्य पेंशनर्स को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट करने की सरल एवं त्वरित प्रक्रिया से अवगत कराया।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## जिले को नई पहचान और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

# पांढुर्णा का हनुमान लोक– आस्था, अध्यात्म और विकास की उभरती पहचान का भव्य प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





पांढुर्णा जिले में विकसित हो रहा "हनुमान लोक" आज आस्था, संस्कृति और क्षेत्रीय विकास की एक अद्भुत सफलता गाथा बनकर उभर रहा है। भगवान हनुमान की विविध लीलाओं और दिव्य स्वरूपों को समर्पित यह भव्य तीर्थस्थल न केवल भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करेगा, बल्कि पांढुर्णा जिले को नई पहचान और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस परियोजना में भगवान हनुमान के जीवन, वीरता और पौराणिक प्रसंगों को आकर्षक मूर्तियों, वास्तुकला और कलात्मक कृतियों द्वारा सजीव रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। विशेष रूप से "पंचमुखी हनुमान अवतार" को अत्यंत भव्य रूप में दर्शाया जाएगा, जिसमें हनुमान जी ने अहिरावण का वध करने हेतु पंचमुखी रूप धारण किया था। साथ ही सुवर्णरेखा की कथा जैसे दिव्य प्रसंगों को भी अद्भुत कलात्मक शैली में समाहित किया जाएगा।

इस विशाल परियोजना का उद्देश्य न केवल भक्तों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है, बल्कि पांढुर्णा जिले में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय रोजगार के अवसर उत्पन्न करना और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना भी है। वर्तमान में यह परियोजना "प्रस्तावित" स्वरूप में है और इसका निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। "श्री हनुमान लोक पांढुर्णा" का निर्माण जामसांवली के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के निकट किया जा रहा है, जिसमें पहले चरण के तहत 26.50 एकड़ भूमि पर ₹35 करोड़ की लागत से भव्य निर्माण किया जा रहा है। इसमें मराठवाड़ा शैली का आकर्षक प्रवेश द्वार, 500 मीटर लंबा विशाल गलियारा, बाल हनुमान को दर्शाती कलाकृतियाँ एवं विशाल मूर्तियाँ, एक सामुदायिक केंद्र, आधुनिक सार्वजनिक सुविधाएँ और आयुर्वेदिक चिकित्सालय भी शामिल होंगे।

"हनुमान लोक पांढुर्णा" नवगठित पांढुर्णा जिले की सांस्कृतिक धरोहर और विकास का नया प्रतीक बनकर उभर रहा है। आने वाले वर्षों में यह परियोजना जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेगी और लाखों भक्तों के लिए एक पवित्र, भव्य और प्रेरणादायक तीर्थस्थल के रूप में स्थापित होगी।

## सौंसर के विद्यार्थियों का हुआ संभाग स्तर पर चयन



**सौंसर।** सौसर क्षेत्र के विद्यार्थियों का हाल ही में युवा उत्सव प्रतियोगिता के लिए संभाग स्तर पर चयन हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार जिलास्तरीय 29वाँ युवा उत्सव प्रतियोगिता में संभागस्तर के लिए चयन प्रतियोगिता का हाल ही में पांढूरना में आयोजन किया गया।युवा उत्सव कार्यक्रम में 7 विधाओ का आयोजन किया गया था,जिसमें सांदीपनि विद्यालय सौसर के विद्यार्थियों ने लोकगीत मैं भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है,जिसमे तृप्ति विलास निकोसे साथियो ने प्रथम स्थान पर रहकर संभाग स्तर के लिए चयनित हुए है। वहीं लोकनृत्य में अक्षिती अमित शुक्ला और साथियों का द्वितीय स्थान रहा। जिसमें की संभागस्तर एम एल बी स्कूल जबलपुर में हुयी लोकगीत प्रतियोगिता में तृप्ति विलास निकोसे और साथियों का तृतीय स्थान रहा था, शाला प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा उपप्राचार्य संजय गवनेकर क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती वंदना देशभरतार कुसुम पवार एवं समस्त स्कूल स्टाफ इस उपलब्धि पर बालिका का स्वागत सत्कार कर बधाइयां प्रेषित की है।

## बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद में हो रही है नई नियुक्तियां



**सौंसर।** बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद की ग्रामीण इकाइयों के साथ बैठके कर नए पदाधिकारीयो की नियुक्ति की जा रही है एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रखण्ड अध्यक्ष जितेंद्र भकने ने बताया वरिष्ठ पदाधिकारी की अनुमति से निरंतर सौसर क्षेत्र में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के ग्रामीण इकाइयों के गठन के साथ में नए पदाधिकारी की नियुक्ति की जा रही है,हाल ही में प्रखण्ड मंत्री गणेश प्रजापति की उपस्थिति में विहिप-बजरंग दल की सौसर प्रखण्ड बैठक सम्पन्न हुई है।संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु आगामी कार्ययोजनाओ पर चर्चा कर प्रखंड आयाम प्रमुखों की नियुक्तिया की गयी है, जिसमे प्रखंड धर्म प्रसार प्रमुख जानराव आकोटकर प्रखंड मठ मंदीर प्रमुख प्रभाकर लोढेकर की नियुक्ति की गयी। श्री लोढ़ेकर वर्तमान में गायत्री परिवार के जिला सह समन्वयक है और गायत्री शक्तिपीठ सौसर के सह प्रबंध ट्रस्टी भी रह चुके है।इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष जितेंद्र भकने प्रखण्ड मंत्री गणेश प्रजापति सौसर खण्ड अध्यक्ष विनोद गजभीये,सौसर खण्ड मंत्री अमित पाल,प्रखण्ड संयोजक अनुराग कोसे,प्रखण्ड सह संयोजक मनोज पाल, प्रखण्ड सुरक्षा प्रमुख सचिन वाघाड़े,भोयर, रजत वाहने,,बेर्डी खण्ड प्रणय राउत आदि थे।

# शुरू हुई ठण्ड की मार अब है अलाव की दरकार



**परासिया** :- शीत लहर के साथ ही क्षेत्र में ठण्ड की मार शुरू हो गई है । ऐसे में अब लोगों को अलाव की दरकार है । जिसके चलते लोगों की अपने - अपने निकाय क्षेत्र के प्रशासन से उम्मीद लगी है , कि वे सार्वजनिक और मुख्य स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था बनाएं ।ठण्ड के आते ही निकाय क्षेत्रों में अलाव जलाने की मांग उठने लगती है । अभी ठण्ड बढ़ गई है , ऐसे में निकायों को अपने - अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था बनानी चाहिए , ताकि रात में कड़कड़ाती ठण्ड में मुसाफिरों , बे सहारों को ठण्ड से राहत मिल सके ।

**परासिया नपा ने बनाई व्यवस्था** :- परासिया नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया , कि शहर में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था बना दी गई है । फिलहाल थाने के सामने , सरकारी अस्पताल के पास अलाव जलाये जा रहे हैं । आवश्यकता पड़ने पर और भी स्थानों पर अलाव की व्यवस्था बनाई जाएगी ।

# आरबीएसके योजना की मदद से 6 वर्षीय मासूम को मिला नया जीवन

## हार्ट के सफल ऑपरेशन से गंभीर हृदय रोग की पीड़ा से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के आदिवासी विकासखंड बिछुआ के ग्राम डोडाखापा के मवासी जनजाति के 6 वर्षीय बालक विशाल सीलू का बचपन कभी गंभीर हृदय रोग की पीड़ा में बीत रहा था। दिल की बीमारी ने उसके सामान्य जीवन को कठिन बना दिया था। लेकिन केंद्र सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), मध्यप्रदेश सरकार के आर्थिक सहयोग और जिले के समर्पित डॉक्टरों के प्रयासों ने इस मासूम के जीवन में नई रोशनी भर दी है।

पहली बार वर्ष 2023 में आरबीएसके टीम के डॉ. दुर्गेश मराठा और डॉ. प्रियंका ठाकुर ने बच्चे की स्थिति को गंभीर मानते हुए उसे सिद्धांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल भोपाल भेजकर निःशुल्क हार्ट ऑपरेशन करवाया। ऑपरेशन सफल रहा और विशाल को राहत मिलने लगी।

लेकिन परिवार के बार-बार पलायन और उच्च संस्थान में नियमित जांच न करा पाने के कारण वर्ष 2024 में उसकी हालत फिर बिगड़ गई। असामान्य दिल की धड़कन और बढ़ती सूजन देखकर स्थिति अत्यंत नाजुक हो गई। कलेक्टर छिंदवाड़ा, जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और डी.ई.आई.सी. के निर्देशन में आयोजित शिविर में एसआरसीसी नारायणा हेल्थ मुंबई की टीम ने जांच कर तत्काल उपचार की आवश्यकता बताई।

## शत प्रतिशत रिजल्ट वाले वाले बीएलओ का कलेक्टर द्वारा सत्कार

**पांढुर्ना।** मात्र 6 दिनों में गहन पुनरीक्षण एसआयर 26 के तहत शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करनेवाले सौंसर ब्लॉक के सिंगपुर मतदान केंद्र के बीएलओ विनोद पाटील का आज कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने सत्कार किया। ज्ञात हो कि इस केंद्र पर 354 मतदाता है। विनोद पाटील ने कहा कि उन्होंने सभी मतदाताओं से पहले फॉर्म भरवाए, फोटो चस्पा कर उनके हस्ताक्षर कराए फिर इन सभी फॉर्म को अपलोड भी किया। कलेक्टर महोदय ने सभी बीएलओ से अपील की है कि वे भी अपना कार्य जिम्मेदारीपूर्वक शीघ्रता से संपन्न करें।




## मवेशी की तरह ठूंस-ठूंस कर परीक्षा दिलाने लाए गए बच्चे

# सड़क दुर्घटनाओं से भी सबक नहीं ले रहे जिम्मेदार



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी में 18 नवंबर को संकुल स्तर पर प्राईमरी के बच्चों के लिये ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के शासकीय स्कूलों से बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान परीक्षा दिलाने के लिये जिस तरीके से वनांचल ग्रामों के शासकीय स्कूलों द्वारा बच्चों को परीक्षा देने के लिये भेजा गया था वह काफी हैरान करने वाला था। जानकारी अनुसार जनपद क्षेत्र लांजी के वनांचल ग्राम नेवरवाही से प्राईमरी कक्षाओं के 40 से 45 बच्चों को एक पिकअप वाहन में मवेशियों की तरह ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। वहीं जब पिकअप वाहन के चालक से बच्चों को इस तरह लाने का सवाल किया गया तो उसके द्वारा बताया गया की उसे स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों को लाने ले जाने के लिये कहा गया था। जबकि 10 दिन पूर्व जिला मुख्यालय में स्कूली बच्चों से भरी एक ऑटो वाहन के पलटने से एक दर्जन बच्चे घायल हो चुके है। जिसके बाद प्रशासन द्वारा हरकत में आते हुए अगले दिन से ही बच्चों के परिवहन कार्य में लगे वाहनों की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई। परंतु दो तीन दिन कार्यवाही के बाद यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया।

**कलेक्टर के निर्देश भी हो गए हवा:** 8 नवंबर को जिला मुख्यालय में ऑटो पलटने की घटना का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर द्वारा जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया था की जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में छात्र छात्राओं के परिवहन के लिए लगाये गए या अनुबंधित वाहनों की सघन जांच करे। परिवहन अधिकारी को इसके लिए जांच दल गठित कर वाहनों में फि टनेस, बीमा, अनुबंध एवं चालकों का ड्राइविंग लायसेंस आदि की सघन जांच करने कहा गया। जो वाहन यातायात नियमों के तहत संचालित नही पाए जा रहे है उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने कहा गया था, छात्र-छात्राओं के परिवहन में उपयोग किये जा रहे बस, मिनी बस, सुमो, टवेरा, बोलेरो, वैन, आटो रिक्शा आदि सभी वाहनों की सघन जांच करने कहा गया है, ताकि वाहनों से विद्यार्थियों का सुरक्षित परिवहन हो सके।

**जिम्मेदार बोले परिवहन की जिम्मेदारी हमारी नहीं:** इस संबंध में जब बीआरसी कार्यालय के जिम्मेदारों से प्रश्न किया गया तो उनका कहना रहा की ओलंपियाड परीक्षा में शामिल होने के लिये संबंधित स्कूलो के प्राचार्यो एवं प्रबंधन से कहा गया था वे पालकों से बात करके बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। बच्चों को परीक्षा केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी पालकों की है हमारी नहीं। परंतु लांजी क्षेत्र के वनांचल ग्राम नेवरवाही के शासकीय स्कूलों से बच्चों को जिस तरह से परीक्षा केंद्र लाया गया वह काफी हैरान करने वाला था। बच्चों को लाने ले जाने के दौरान अगर कोई अनहोनी या दुर्घटना घटित हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता?

### इनका कहना है

समय पर वाहन नहीं मिलने के कारण हमारे द्वारा पिकअप वाहन की व्यवस्था की गई। हालांकि बच्चो को इस दौरान कोई समस्या नहीं हुई फिर भी भविष्य में इस तरह के हालात न बने इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**डी.सी. राहंगडाले, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल नेवरवाही**

# वन नेशन वन इलेक्शन' की अवधारणा पर आधारित छात्र संवाद कार्यक्रम महाविद्यालय में किया गया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 17 नवम्बर को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत 'वन नेशन वन इलेक्शन' अवधारणा पर आधारित छात्र संवाद का कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप जायसवाल पूर्व विधायक, मुख्य वक्ता निशांत बिसेन प्रधान संपादक बंसल न्यूज जबलपुर संभाग, जिला संयोजक प्रफुल्ल बिसेन, विशिष्ठ अतिथि अवलेश पारधी, पराग राणा, पार्षद मोनू लिमजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि व अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। पूजा वंदन के पश्चात अतिथियों का स्वागत तत्पश्चात उद्बोधन प्रारंभ हुआ।

सर्वप्रथम जिला संयोजक प्रफुल्ल बिसेन द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी के इस विचार को विद्यार्थियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाना एवं इस पर अपने विचार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा करे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निशांत बिसेन ने लोकतांत्रिक भविष्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण अवधारण वन नेशन वन इलेक्शन यानी एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के विकास के लिए इस अवधारणा का जमीनी स्तर पर लागू होना अत्यंत आवश्यक है। अगर यह अवधारण कानून का रूप लेती है, तो बार-बार होने वाले चुनाव से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचा सकता है साथ ही केन्द्रीय योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी।

एल एल0 बी0 पंचम सेमेस्टर के छात्र फरहान खान ने मुख्य वक्ता निशांत बिसेन से अपनी शंका जाहिर करते हुए पूछा कि यदि वन नेशन वन इलेक्शन की अवधारण के आधार पर चुनाव संपन्न होते है और कुछ समय के बाद किसी राज्य की सरकार गिर जाती है, तब क्या चुनाव होंगे या नहीं? इस पर मुख्य वक्ता निशांत बिसेन ने जवाब देते हुए कहा कि संयुक्त संसदीय समिति द्वारा इस संबंध में कोई ना कोई समाधान खोजा जायेगा।

## जय स्तंभ चौक में सामूहिक गायन कार्यक्रम आज

**वारासिवनी।** वारासिवनी नगर के जय स्तंभ चौक में बुधवार 19 नवंबर को मां भारती के गौरव गान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल वारासिवनी की ओर से एक गरिमामय सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल की अध्यक्षता में होगा। जिसमें विशेष अतिथि के रुप में नगर मंडल प्रभारी जितेंद्र मोहारे, अभय कोचर, मुख्य वक्ता संतोष लिल्हारे अधिवक्ता, डॉ मोनिका सोनेकर के अलावा महामंत्री सुनील पिपरेवार, सुजाता डहरवाल, उपाध्यक्ष जगदीश नेमा, डॉ अमन खोसला, कोषाध्यक्ष मुकुल गौर के अलावा शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, समस्त मोर्चों व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, महिला मोर्चा, नगर पालिका अध्यक्ष, पाषर्दगण व कार्यकर्तागण मौजूद रहेंगे।

## दो दशकों से ज्यादा समय से पुराने भवन संचालित हो रहा केंद्र

# हादसे के साए में नौनिहालों की शिक्षा, गंदगी पार कर पहुंच रहे आंगनबाड़ी

### 11 साल पहले बना भवन भी बना शोपीस, असामाजिक तत्वो का डेरा





**हरिभूमि न्यूज लांजी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों व महिलाओं में कुपोषण दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन लांजी क्षेत्र के अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र बदहाली का शिकार होते जा रहे हैं। ग्राम साडरा स्थित आंगनबाड़ी भवन देखकर तो यहीं लग रहा है। आंगनबाड़ी भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। समय-समय पर मरम्मत के अभाव में भवन क्षतिग्रस्त होकर जर्जर व बदहाल हो चुका है। वहीं जर्जर भवन की हालत को देखते हुए बीआरजीएफ योजना से आंगनवाड़ी भवन का निर्माण किया गया। जिसमें क्षेत्र की तत्कालीन विधायक सुश्री हिना कावरे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थी तथा वर्तमान विधायक राजकुमार कर्राहे की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ था। ऐसे में नौनिहाल बच्चों के सिर पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे स्थिति में नौनिहाल बच्चे पढने-लिखने के लिए मजबूर है इसे लेकर पालक चिंतित है। हालात यह हो चुके हैं की आंगनवाड़ी भवन के सामने पूरे ग्राम से निकलने वाला गंदा पानी अपासी बंद होने कारण जमा हो रहा है। जिसे पार करके बच्चों को आंगनवाड़ी भवन में पहुंचना पड़ रहा है। जहां लगातार पानी जमा होने से पानी के नीचे काई जम चुकी है जिससे बच्चों के फिसलने से छोटे-छोटे बच्चों के साथ किसी भी समय अनहोनी घटना की आशंका बनी रहती है। इसके बाद भी जर्जर और बदहाल स्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है।

**शिकायत के बाद भी सुधार नहीं:** ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत साडरा में तो वैसे एक नहीं, दो- दो आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है, लेकिन केंद्र क्रमांक 01 की भवन जर्जर हो चुका है। केन्द्र में लगभग 30 बच्चों की दर्ज संख्या हैं। आंगनवाड़ी एक ऐसा केंद्र है जहां ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे शिक्षाए स्वास्थ्य और पोषण की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन लांजी के साडरा गांव में आंगनवाड़ी की स्थिति बेहद खराब है, जिससे बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हालात यह हो चुके है की आंगनवाड़ी में लगातार बच्चों की दर्ज संख्या में गिरावट आ रही है। दुर्घटना के डर से पालक अभिभाव बच्चों को यहां भेजने से कतराने लगे हैं। गंदगी का पानी जमा होने से बच्चों में बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है परंतु ग्राम के सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है।

**नये आंगनवाड़ी केंद्र का हाल भी बेहाल:** वर्ष 2014 में बीआरजीएफ योजना से बना नया आंगनवाड़ी केंद्र का हाल भी बेहाल हो चुका है। पिछले 12 सालों में जिम्मेदारों ने इसे शुरू करने की कोई पहल नहीं की जिसके परिणाम स्वरूप इस भवन में ग्रामीणों ने अब अपनी बाड़ी बेला लगाना शुरू कर दिया है। वहीं नलजल योजना के संचालन के लिये मीटर भी इसी भवन में लगाया गया जिसके तार भी परिसर में झूल रहे है। दूसरी ओर नये केंद्र की हालत भी इतनी भयानक हो चुकी है की यह किसी भूतिया हवेली से कम प्रतीत नहीं होता। आंगनवाड़ी भवन में इतनी झाडियां और कचरा फैल चुका है जिससे जहरीले जीव जंतुओं का भी खतरा बना हुआ है परंतु जिम्मेदार है की नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर जरा भी चिंतित नजर नहीं आते।

### इनका कहना है

क्षेत्र में जितने भी शासकीय भवन है उनका दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। भवनों को जिस कार्य के लिये बनाया गया है उसी कार्य के लिये उसे इस्तेमाल में लाना चाहिए। ग्राम के जिम्मेदारों को नौनिहालों की सुरक्षा के मद्देनजर नये आंगनवाड़ी भवन की साफ-सफाई और मरम्मत करके उक्त स्थान पर आंगनवाड़ी का संचालन प्रारंभ करना चाहिए।

**सुश्री हिना कावरे पूर्व विधायक लांजी-किरनापुर विस. क्षेत्र**

# एसआईआर में बैहर विधायक ने बीएलए बनकर किया काम, ज़िम्मेदारी और संवेदनशीलता की पेश की अनोखी मिसाल



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 04 नवंबर से मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (SIR) का कार्य किया जा रहा है।इसी क्रम में बैहर विधान सभा में भी 321 बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक दिया गया है और मतदाता द्वारा गणना पत्रक भरने के बाद उसे डिजिटलाइज भी किया जा रहा है।विधान सभा बैहर के विधायक श्री संजय उइके ने आज दिनांक 18 नवंबर 2025 को अपने गृह ग्राम भीमजोरी में अपने मतदान केंद्र भाग संख्या 272 एवं 273 पर पहुंचकर बीएलए बनकर कार्य करते हुए देखे गए।विधायक ने मौके पर पहुंचकर बूथ से संबंधित दस्तावेजों की जांच,मतदाता सूची का मिलान और आवश्यक फॉर्म की प्रविष्टियों को अपनी देखरेख में पूरा किया।

### व्यवस्था को समझने के लिए व्यवस्था का हिस्सा बनना पड़ता है -विधायक उइके

जनता के लिए बनी हर प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति जरूरी है।इन प्रणालियों को सुधारने के लिए जरूरी है कि हम जनप्रतिनिधि सिर्फ आदेश देने वाले न बने बल्कि व्यवस्था का हिस्सा बनकर सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों को समझें।आज मैं एक बीएलए के रूप में काम कर रहा हूं ताकि उन दिक्कतों को नजदीक से देख सकूं जिन्हें आम कर्मचारी और जनता रोज महसूस करते हैं।

विधायक श्री संजय उइके द्वारा अचानक इस तरह की भूमिका निभाने के कदम की स्थानीय निवासियों ने खुलकर सराहना की।कई लोगों ने इसे जनप्रतिनिधि की सादगी,संवेदनशीलता और कर्मठता का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे आम जनता का भरोसा और मजबूत होता है।

विधायक श्री संजय उइके ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने-अपने बूथ पर जाकर गणना पत्रक जरूर भरें।उसमें चाही गई आवश्यक जानकारी बीएलओ को शीघ्रता से उपलब्ध कराएं।ऐसे मतदाताओं का नाम जिनका 2025 की मतदाता सूची में शामिल तो है लेकिन 2003 की मतदाता सूची में नहीं है वे सभी अपने माता-पिता या परिजनों का नाम,मतदाता सूची में सरल क्रमांक भरें।नई बहुओं को भी अपने मायके वाले स्थान की 2003 की मतदाता सूची में शामिल अपने माता-पिता या अन्य परिजनों का नाम,मतदाता सूची सरल क्रमांक गणना पत्रक में भरें।अंतिम तारीख़ का इंतजार न करे।

## खबर संक्षेप

### 22 नवंबर को छपारा नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**छपारा।** नगर के लोधी वॉर्ड स्थित महावीर व्यायाम शाला में आगामी 22 नवम्बर को भारत विकास परिषद व मानव सेवा समिति छपारा के तत्वाधान में रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया जा रहा है। मानव सेवा समिति के जूजर हुसैन द्वारा जानकारी दी गई कि नगर के व्यापारी विजय जैन द्वारा अपनी मां श्रीमति श्रीबाई जैन की पुण्य स्मृति में इस रक्तदान शिविर में विशेष रूप सहयोग किया जा रहा हैं साथ ही नगर के भारत विकास परिषद के साथ वर्षों से नगर में मानव सेवा के लिए कार्य कर रही संस्था मानव सेवा समिति के साथ राजनीतिक दलों से हट कर नगर के प्रबुद्ध जन इस आयोजन में अपना विशेष सहयोग दे रहे हैं। उक्त आयोजन के बाद जितने भी यूनिट बल्ड इकठ्ठा होगा उसे इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी स्थित बल्ड बैंक को दिया जाएगा। जिसे आगामी समय में जरूरतमंदों को दिया जाएगा। वहीं समिति ने बताया कि आगामी 22 नवम्बर दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, श्री महावीर व्यायाम शाला, मेन रोड लोधी वार्ड छपारा में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है।

### पिपरवानी में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का भव्य समापन

**पिपरवानी।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का सोमवार को हवन-पूजन एवं अन्नपूर्णा प्रसाद (भंडारा) के साथ गरिमामय समापन हुआ। पूरे सप्ताह क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंचे और भक्तिमय वातावरण में डूबे रहे। कथा के अंतिम दिवस व्यासपीठ से पूज्य पंडित श्री रूपेश (श्याम) जी महाराज, वाराणसी ने जीवन के आध्यात्मिक महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जीवन प्रभु द्वारा प्रदत्त अनमोल उपहार है, जिसे उत्साह और आनंद के साथ भगवान की शरण में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत शास्त्र जीव को दिव्य जीवन जीने की कला सिखाता है।

## चमारीखुर्द की महिलाएं पहुँची कलेक्ट्रेट, गांव-गांव बिक रही शराब व शराबी पतियों से परेशान

# कलेक्टर मैडम जी ग्राम में शराब के आदी लोगों ने पूरे घर को बरबाद कर दिया

## महिलाओं ने शराब बंद कराने कलेक्टर से लगाई गुहार

**गांव-गांव बिक रही शराब के चलते गांव में अधिकांश लोगों द्वारा शराब का सेवन किए जाने से जहां गांव का माहौल बुरी तरह से खराब हो गया है वहीं कम उम्र के बच्चे भी नशे की लत में आ रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



मंगलवार को बड़ी संख्या में गांव चमारीखुर्द की पीड़ित महिलाएं शराब बंद किए जाने वह दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची जहां जनसुनवाई में महिलाओं ने कलेक्टर शीतला पटले से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिलाओं में इंद्रा भलावी, रमा बाई, शिवकली, गीता भलावी, सुखलिया, दूर्गति, सावित्री बाई कुशवाहा, उमा देवी, रामकुमारी, प्रेमवती, वेसखिया यादव, रोज कुशवाहा आदि महिलाओं ने बताया कि हमारे ग्राम मे शराब बनायी जा रही है। जिस पर हमारे द्वारा शराबीयो के विरुद्ध आवेदन एव जन आदोलन भी किया गया था। परन्तु आज भी हमारे ग्राम में शराबीयो को द्वारा ग्रामो में शराब बनाकर हमारे ग्राम मे बेच रहे है जिससे हमारे गांव की मां बहने अपने शराबी पतियों से अत्याधिक परेशान हो रहे है।

हमारे ग्राम में शराब पीने के आदी व्यक्तियों के द्वारा पूरे घर को बरबाद करके रखा है जिससे हम मा बहनो का रहना दूभर हो रहा है। हम चाहते हे कि शराब के ठेकेदारों और जो ग्रामो में शराब बनाकर बेच रहे है उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये ताकि हम गांव की मा बहने अपने घर को उजडने से बचा सके। और गांव शराबीयो के द्वारा शराब पीकर गंदी गंदी गाली मे भी अमन शांति का वातावरण बना रहे। कुछ शराबियों के द्वारा शराब पीकर गंदी-गंदी गाली बकते है और आये दिन किसी ना किसी से लडते-झगडते रहते है और जिससे हम परेशान व्यक्तियों को कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाना पडता है। इसलिए हमारे ग्राम चमारीखुर्द को शराबीयो से नशा मुक्त कराया जाना न्यायहित में आवश्यक है। ग्राम चमारीखुर्द को शराबीयो से नशा मुक्त कराये जाने की मांग की हैं।

## सांदीपनि विद्यालय सी.एम राइज स्कूल केवलारी का स्लेब गिरने से घायल हुये मजदूरों का हाल बेहाल



**केवलारी।** सीएम राइज विद्यालय (सांदीपनि) विद्यालय के भवन के निर्माण के लिए शासन के द्वारा 38 करोड़ रुपया की स्वीकृति के साथ एएनवी कन्सन्ट्रेक्शन कम्पनी भोपाल प्रो प्रभात राय को मिला हुआ है । हाई एप्रोच के चलते मध्यप्रदेश मे बनने बाले भवनों के निर्माण मे मनमर्जी ओर गुणवत्ताहीन अमानक समाग्री का प्रयोग हो रहा है। केवलारी- मे बनने बाली हाईटेक बिल्डिंग का स्लेब दिनांक 19 सितंबर 2025 को दोपहर 3 बजे धडाम से धाराशाही हो गया। जिसमें दर्जन भर मजदूर हताहत हुये जिनमे कुछ तो अभी भी कमर से जोखिम होकर व्हील चेयर मे आ गये।मजदुर स्लैब के मलबे से तो निकल गये थे लेकिन जिंदगी जंग अभी भी लड रहे है।घटना के समय कम्पनी के कर्ता धर्ताओ ने आनन फानन मे इलाज, 50 हजार की सहायता ओर ठीक होने तक मजदूरी देने की बात की थी घटना को हुये आज पुरे दो माह हो गये ना तो प्रशासन ने सुध ली ना ही प्रभात राय ठेकेदार ने आज पीड़ित राकेश पिता गया सिंह गोंड, उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम-ठलको कोठार थाना-पपोत तहसील-व्योहारी जिला-शहडोल मो0-8236069732, धनसिंह नागेन्द्र पिता इमरत नागेन्द्र उम्र-42 वर्ष निवासी ग्राम अहरवाड़ा थाना व तहसील केवलारी जिला-सिवनी। मो०- 6261126079, कोमल कुशवाहा पिता लख्खी कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी-बिनैकी आवास केवलारी, जिला-सिवनी ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम पत्र लिखकर दुर्दशा का वर्णन कर सहायता राशि, समुचित इलाज, ओर मजदूरी राशि दिलाये जाने की मांग की हे।अभी भी गंभीर रुप से कमर से कमजोर धनसिंह नगेंद्र अहरबाडा ने शासन प्रशासन से सहयोगात्मक कार्यवाही के साथ दिनांक 19 सितंबर को पुलिस केवलारी-मे दर्ज एफ आई आर रिपोर्ट पर कार्यवाही की मांग की है।

# रूपये के लालच में तालाब गहरीकरण के नाम पर पत्थर चोरी करवाने की फिराक में सरपंच सचिव

## एक ही स्थान में दोबारा तालाब बनाने का ग्राम पंचायत से दिया प्रस्ताव

**सिवनी जिला मुख्यालय से लगे बिठली ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा मानों रूपये की लालच में आकर मौत की खाई नुमा तालाब बनाने/ गहरीकरण की तैयारी की जा रही है जिसके लिए बकायदा पंचायत से प्रस्ताव बनाकर कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा से आवेदन भी दिया गया है ।**

जहां उल्लेख किया गया है कि मुरम/पत्थर का परिवहन श्री बालाजी मेटल्स केशव अग्रवाल द्वारा किया जाना है का उल्लेख किया गया है बता दें कि उक्त खसरा रकबा में पहले से ग्राम पंचायत द्वारा ही तालाब निर्माण कराने के लिए पत्थर/मुरम का निकलवाकर क्रेशर संचालक को परिवहन की अनुमति प्रदान कर दी गई थी और अब उसी स्थान पर फिर से सरपंच सचिव द्वारा अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कि संदेहास्पद है।

ग्राम पंचायत बिठली के राघादेही में सरपंच और सचिव पर गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने दावा किया है कि तालाब निर्माण के नाम पर बालाजी मेटल्स के पार्टनर को लाभ पहुंचाने की साजिश रची जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारी हल्का नंबर 107, राजस्व निरीक्षक मंडल डूंडासिवनी, तहसील एवं जिला सिवनी के खसरा नंबर 34 में स्थित 10.74 हेक्टेयर रकबे में से 1.40 हेक्टेयर शासकीय भूमि जो कि बड़े झाड़ के जंगल दर्ज है में उत्खनन की अनुमति ली जा रही है। बता दें कि शिकायत के आधार पर जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटेल द्वारा जांच टीम गठित किया गया जहां बिठली के ग्राम राधादेही में जैसे ही टीम पहुंची ग्राम राघादेही में हड़कंप मच गया। बीते दिनांक 17 नवंबर 2025को मौका स्थल पर निरीक्षण करने पहुंच गठित टीम ने पाया कि जिस खसरा नंबर 34(र) पर नया तालाब बनाने के लिए आवेदन दिया गया है वह तो






सरकारी रिकॉर्ड में ३बड़ा झाड़ का जंगल३ के रूप में दर्ज है। जिससे प्रतीत होता है कि पहले से ही सरकारी जमीन पर अवैध खुदाई चल रही थी। मौका स्थल पर पहुंच जांच टीम के समक्ष ग्रामीण ने स्पष्ट कर दिया कि उक्त स्थान पर तालाब की कोई आवश्यकता नहीं है वहीं सरपंच सचिव द्वारा उक्त स्थान पर बालाजी मेटल्स के संचालक केशव अग्रवाल को लाभ पहुंचाने के उद्धेश्य से उक्त अनुमति चाही गई है। सरपंच ने खसरा नंबर 34 (एस) पर 'नया' तालाब बनाने की स्वीकृति ली है। वहाँ पहले से ही पर्याप्त गहराई पर एक तालाब मौजूद है। वहीं ग्रामीणों ने यह स्पष्ट आरोप लगाया है कि इस निर्माण का असली मकसद पत्थरों की अवैध खुदाई और उन्हें पास के बालाजी स्टोन क्रेशर संचालक केशव अग्रवाल के पार्टनर को बेचना है। यह सब सरपंच और क्रेशर संचालक की मिलीभगत से किया जा रहा है।

### ग्रामीणों की आपत्ती देख बौखलाये सरपंच

जैसे ही जिला कलेक्टर द्वारा गठित टीम मौके पर जांच करने पहुंची और जांच में पत्थर माफिया के साथ मिली भगत होने की बात सामने आई इससे बौखलाये सरपंच द्वारा पहले से खाईनुमा तालाब से किसानों को पानी देने पर रोक लगा दिया गया एवं उक्त स्थान से आसपास के किसानों को पानी देना बंद कर दिया गया जिससे प्रतीत होता है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाने की सजा अब किसानों को भोगना पड़ेगा जिससे किसानों पर संकट आने की संभावना जताई जा रही है चूंकि इस समय जब किसान अपनी फसल की सिंचाई के लिए पूरी तरह से पानी पर निर्भर हैं ऐसे में पानी रोक देना मानों सरपंच द्वारा बौखलाहट में लिया गया निर्णय है अब किसानों के लिए दुखदायी हो गया है यह दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई उनकी फसल को खराब करने की धमकी दे रहे है।

### सरपंच ने किसानों को पानी देने से किया इंकार

जिला कलेक्टर द्वारा गठित टीम द्वारा किये गये जांच के उपरांत सरपंच की दबंगई जारी है जिसका खामियाजा सीधे किसानों को भुगतना पड़ रहा है किसानों का सीधा आरोप है कि सरपंच किसके दम पर यह तानाशाही कर रहे है? क्या जिले के ३सत्ता के गलियारों३ से उसे अदृश्य समर्थन मिल रहा है, जिसके कारण वह प्रशासन की जांच के बावजूद सरेआम बदला ले रहा है? यह मामला अब स्टोन क्रेशर संचालक को लाभ पहुंचाने का नहीं, बल्कि प्रशासन की शक्ति और माफिया की संगठित ताकत के बीच सीधा टकराव बन चुका है।

### पहले से मौजूद है खाईनुमा तालाब

उक्त स्थान पर पहले से ही गहरी खाई के रूप में एक तालाब मौजूद है। ग्रामीणों का कहना है कि—उसी स्थान पर पुनः उत्खनन की अनुमति मिलने से तालाब और अधिक खतरनाक गहराई में बदल जाएगा जिससे मानव एवं पशुओं के गिरने से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है बड़े झाड़ के जंगल में खाईनुमा तालाब बन सकता है खतरे का कारण।

### ग्रामीणों की प्रशासन से मांग

कटघरे में आए इस पूरे मामले में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खसरा 34 पर प्रस्तावित उत्खनन को तुरंत रोका जाए स्थल का मैदानी निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति देखी जाए जन और पशुधन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनुमति रद्द की जाए जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए

## कलेक्टर ने किया प्लांटेशन कार्यों का निरीक्षण



सिवनी / कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज केवलारी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम चोर पिपरिया में हुए प्लांनटेशन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी से प्लांनटेशन रकबा एवं लगाए गए पौधों की प्रजाति की जानकारी प्राप्त कर सुरक्षित रखरखाव करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर पशुओं से पौधों को सुरक्षित रखने की बात कही। इस अवसर पर एसडीएम केवलारी श्री महेश अग्रवाल सहित अन्य क्षेत्रीय अधिकारियों उपस्थित रहीं।

## पुलिस अधीक्षक ने छात्र-छात्राओं से मोबाइल से हो रहे अपराधों के बारे में चर्चा की

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल बादलपार में छात्र-छात्राओं को नाबालिक बालिकाओं पर हो रहे अपराध एवं उनसे बचने के तरीकों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।



### ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य

लापता बच्चों का पता लगाना, उन्हें बचाना और उन्हें उनके परिवारों से फिर से मिलाना। बच्चों को शोषणकारी और खतरनाक परिस्थितियों से बचाना। बाल संरक्षण गतिविधियों को अन्य कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करना। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने छात्र-छात्राओं से मोबाइल द्वारा हो रहे अपराधों के बारे में चर्चा की एवं उनको कैरियर के संबंध में दिशा निर्देश दिए,साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक अभियान के दौरान सिवनी जिले में 21 नाबालिक बालक-बालिकाओं को दस्तयाब कर चुके हैं। इस अवसर पर एसडीओपी बरघाट ललित गठरे,थाना प्रभारी कुरई के.एस.टेकाम,महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर,चौकी प्रभारी आर.एस.राजपूत उपस्थित रहे।

## वन विभाग की कार्रवाईः पिकअप सहित तीन आरोपी गिरफ्तार, खैर की 36 नग लकड़ी जप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दक्षिण सामान्य वन परिक्षेत्र अंतर्गत कुरई वन परिक्षेत्र की पीपरवानी-पारसपानी बीट में ग्राम आगरी के 35615/20 पास अवैध रूप से लकड़ी परिवहन करते हुए पिकअप वाहन सहित तीन आरोपियों को वन विभाग की टीम ने दबिश देकर पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी परिवहन की सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। दक्षिण सामान्य सिवनी के वन मंडलाधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशन तथा उपवन मंडलाधिकारी योगेश पटेल के मार्गदर्शन में सोमवार की बीती रात्रि लगभग 3 बजे यह कार्रवाई की गई। पीपरवानी-पारसपानी बीट में ग्राम आगरी के समीप सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बालेश्वर सिंह के नेतृत्व में वन अमले ने पिकअप वाहन क्रमांक रू॥ 24_र 0181 को रोककर तलाशी ली। वाहन में सवार तीन व्यक्तियों उलेश्वर पिता शंकरलाल नंदेश्वर, निवासी कोशरी टोला, मुरझर (वारासिवनी, बालाघाट)मुकेश पिता प्रेमलाल पटले, निवासी मदनपुर (वारासिवनी, बालाघाट)अखलेश पिता सुखराम माडरे, निवासी पीपरवानी, कुरई ने पूछताछ में लकड़ी परिवहन संबंधी किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। तलाशी के दौरान वाहन से खैर की कुल 36 नग लकड़ी, कुल 1.34 घनमीटर जप्त की गई है।



कार्रवाई में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बालेश्वर सिंह के साथ वनरक्षक श्रीमती रेखा उईके, सतेंद्र धुर्वे, प्रवेश राही, नितिन पटेल, सुरेश बर्मन एवं सुरक्षा श्रमिक अनिल कुमार परते, परसराम तेकाम, राशीचंद ठाकरे, दिनेश कुमरे सहित वाहन चालक आशीष मेश्राम का योगदान रहा।

## सिवनी से अजमेर शरीफ के लिए रवाना होंगे असलम बाबा

**ख्वाजा गरीब नवाज के दरबार में पेश करेंगे अकीदत**

सिवनी की बड़ी जियारत दरगाह से आज शाम को शहर के सम्मानित सामाजिक समाजसेवी कार्यकर्ता एवं कौमी एकता संगठन के अध्यक्ष असलम बाबा, अपने साथी हाजी वाहिद खान के साथ रूहानी सफर पर अजमेर शरीफ के लिए रवाना होंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग दरगाह पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं देंगे। असलम बाबा द्वारा संचालित कौमी एकता संगठन जिले में कई दशकों से जनहित, सामाजिक सेवा, गरीब परिवारों की सहायता, साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। संस्था ने जरूरतमंदों की मदद, कौमी एकता संगठन के अध्यक्ष सभी की खुशहाली और सलामती के लिए मांगेगे दुआ बीमारों के लिए सहयोग, आपसी एकता के कार्यक्रम और शांति के संदेश को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# तेज आवाज सायलेंसर वाली बलेट मोटर साइकिलों पर कोतवाली पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

## बुलेट की गरज नहीं, नियमों की आवाज जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील महेता द्वारा तेज व मॉडीवाई सायलेंसर वाहनों पर आपत्ति जाहिर की जा रही है जो थाना कोतवाली द्वारा पूर्व में कई बुलेट एवं मोटर साइकिल जिनमें तेज आवाज एवं मॉडीफाईड सायलेंसर के विरूद्ध अभियान छेड़ा गया था जो इसी क्रम में पूर्व के मुताबिक लगातार कार्यवाही करते हुए 02 बुलेट मोटर साइकिल को शहर में तेज आवाज मे सायलेंसर का उपयोग करते वाहन चलाते पाया गया।



दिनांक 17/11/25 को कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के अलग- अलग स्थानों से 02 बुलेट वाहन थाना लाकर खड़ा किया गया जिसमें तेज आवाज सायलेंसर था। जिसमें 01 बुलेट चालक के विरूध्द मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 120/190(2) के तहत कार्यवाही करते हुए 1000/- रूपये का समन शुल्क वसुल कर चालक को आवश्यक हिदायत दी गई एवं एक अन्य बुलेट वाहन को मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 182र(4), 120/190(2) के तहत जप्त किया गया है जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जावेगा। निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र. आर. मनोज पाल, आर. दिलीप उइके, सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दुबे, विनय सेंगर, संतोष साहू, प्रतीक बघेल का सराहनीय योगदान रहा।

## हुतात्मा दिवस पर विहिप एवं बजरंग दल का विशाल रक्तदान शिविर

# 30 यूनिट रक्त संग्रह, युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

### कारसेवकों की स्मृति में बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर, उमड़ी युवाओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल ने 30 अक्टूबर 1990 को शहीद हुए रामभक्त कारसेवकों की स्मृति में आज सिवनी जिला अस्पताल में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज सेवा और राष्ट्रभावना का एक जीवंत संदेश बनकर उभरा, जिसमें युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था।

सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चला शिविर, 30 यूनिट रक्तदान सुबह से ही कार्यकर्ता और युवा रक्तदान के लिए लाइन में खड़े दिखाई दिए। दिनभर चले इस कैंप में कुल 30 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसे जिला अस्पताल के ब्लड बैंक को सौंपा गया। आयोजकों ने बताया कि यह रक्त अनेक जरूरतमंदों का जीवन बचाने में उपयोग होगा। हिंदू समाज को कभी रक्त की कमी नहीं होने देंगे कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

शिविर में मौजूद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेते हुए कहा कि समय पडऩे पर किसी भी हिंदू भाई-बहन को रक्त की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, और यह सिर्फ किसी की जान ही नहीं बचाता बल्कि समाज में एकजुटता भी मजबूत करता है।

### रक्तदान को जीवन का संकल्प बनाएं

शिविर को संबोधित करते हुए प्रमुख वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कई बार समय पर रक्त न मिलने से अनगिनत लोग अपनी जान गंवा देते हैं। ऐसे शिविर न केवल रक्त की उपलब्धता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैलाते हैं।

हर स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। वक्ताओं ने युवाओं से अपील की कि वे इस महान कार्य को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और समाज के लिए सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करें।

### शिविर में गूंजा हम हैं तैयार का संदेश

रक्तदान करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ आज के लिए नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक सामाजिक अभियान की शुरुआत है। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट था जरूरत पडऩे पर हम हमेशा तैयार हैं। किसी की जान रक्त की कमी से नहीं जाने देंगे।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 7 लोगों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

### असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के कोतवाली थाना प्रभारी ने पैदल गश्त की

**सिवनी ।** ुलिस ने शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह अभियान चलाया। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने इस संबंध में जानकारी दी।

पुलिस का मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना और अपराधियों व गुंडा तत्वों में भय पैदा करना है। इस दौरान यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की जांच की गई। सडक़ पर खड़े हाथ ठेलों को भी हटवाकर किनारे खड़ा करवाया गया ताकि यातायात बाधित न हो।

कोतवाली पुलिस स्टाफ ने बस स्टैंड, छोटी मस्जिद चौक, शुक्रवारी चौक, नेहरू रोड और नगर पालिका चौक जैसे क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान तीन सवारी वाले दुपहिया वाहनों और बिना नंबर वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। सडक़ किनारे दुकान लगाने वाले संचालकों को भी समझाइश दी गई। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें कोई असामाजिक तत्व या आपराधिक गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।पुलिस ने विभिन्न उल्लंघनों पर चालानी कार्रवाई की। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 4 लोगों पर धारा 129/194 के तहत 1200 का जुर्माना लगाया गया। दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने वाले 1 व्यक्ति से धारा 128/177 के तहत ?500 वसूले गए।

चालक की और से मौके पर लाइसेंस प्रस्तुत न करने पर 1 व्यक्ति पर धारा 130/177 (1) के तहत 500 का जुर्माना लगा। पुलिस के रोकने पर न रुकने वाले 1 व्यक्ति पर धारा 132/177(1) के तहत 500 और नंबर प्लेट विधिवत न होने पर 1 व्यक्ति पर धारा 51/177 के तहत 500 का जुर्माना किया गया।

DSP और प्रधान आरक्षक गिरफ्तार, दो कारोबारी भी पकड़े गए

# हवाला मामले में बालाघाट डीएसपी सहित 4 पर कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सिवनी में 8-9 अक्टूबर की दरमियानी रात हुए 3 करोड़ रुपए के हवाला लूट मामले में जबलपुर क्राइम ब्रांच ने बालाघाट के डीएसपी पंकज मिश्रा, साइबर सेल के कॉन्स्टेबल प्रमोद सोनी और पंजू गिरी गोस्वामी और पूजा पांडे के जीजा वीरेंद्र दीक्षित को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई मंगलवार को की गई। चारों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। यह गिरफ्तारी उन तथ्यों के सामने आने के बाद हुई है, जो जांच के दौरान उजागर हुए थे।

इस मामले में पहले ही सिवनी एसडीओपी रहीं पूजा पांडे सहित 11 पुलिसकर्मी जेल में हैं। पूजा पांडे को रीवा जेल में रखा गया है, जबकि 10 अन्य पुलिसकर्मियों को नरसिंहपुर जेल भेजा गया है।

मामले की जांच लगातार चल रही थी। क्राइम ब्रांच ने तकनीकी आधार और गोपनीय सूचनाओं के जरिए पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ा और आरोपियों की संलिप्तता पाई। हिरासत में पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे हुए। पुलिस ने कार्रवाई पूरी कर सभी चार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया है।

जांच अधिकारी और क्राइम ब्रांच जबलपुर के एडिशनल एसपी जीतेंद्र सिंह ने बताया कि चारों आरोपी हवाला लूट कांड के आपराधिक षड्यंत्र में शामिल थे। उन्होंने यह भी बताया कि मेटा से कोई डेटा नहीं मंगाया गया है, लेकिन मुख्य आरोपी पूजा पांडे के मोबाइल में पंकज मिश्रा का नंबर 'पंकज सर' के नाम से सेव था।

इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच जारी है, परत-दर-परत नए और चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। मामले की मुख्य सूत्रधार निलंबित एसडीओपी पूजा पांडे की भूमिका जितनी गहरी होती जा रही है, उतने ही सवाल जिला पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों पर भी उठ रहे हैं।

बालाघाट हॉक फोर्स के डीएसपी और पूजा के बैचमेट पंकज मिश्रा ने ये इन्फॉर्मेशन उन्हें दी थी। इसीलिए केस में उनकी भूमिका की जांच के बाद एसआईटी ने उन्हें गिरफ्तार किया है।

बता दें, सिवनी पुलिस ने 9 अक्टूबर की रात हाईवे पर चेकिंग के दौरान नागपुर के शख्स से करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए थे। आरोप है कि रिपोर्ट में जब्ती सिर्फ एक करोड़ 45 लाख रुपए की दिखाई।

मामला सामने आने के बाद 9 अक्टूबर की रात को आईजी प्रमोद वर्मा ने थाना प्रभारी अर्पित भैरम समेत 10 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इसके बाद 10 अक्टूबर को डीजीपी कैलाश मकवाना ने एसडीओपी पूजा पांडे को भी सस्पेंड कर दिया था।

14 अक्टूबर को इन 11 पुलिसकर्मियों के खिलाफ लखनवाड़ा थाने में डकैती, अपहरण और आपराधिक षड्यंत्र जैसी गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने 70 आवेदकों की सुनी समस्याएँ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 18 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक व डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 70 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।

जनसुनवाई में वार्ड नं.01 ग्राम जानवा तहसील किरनापुर निवासी टावैश्वर सिहोरे मुख्यमंत्री सहायता निधी से सहायता राशि दिलाये जाने की मांग लेकर आए थे। टावैश्वर का कहना था कि वह अत्यंत गरीब व्यक्ति है उसकी पुत्री हिना सिहोरे की सिकलिन की बीमारी के चलते 25 अक्टूबर 2025 कों इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है। टावैश्वर ने बताया की उसकी पुत्री का इलाज शुरू में गंजु होमोटोलॉजी क्लिनिक हॉस्पिटल नागपुर में हुआ है जिससे उसकी पुत्री कों आराम मिल गया था। एक दिन उसकी अचानक तबियत बिगड़ने से उसे गोंदिया में गायत्री हॉस्पिटल एवं लाइफ केयर हॉस्पिटल व गणपति मेमोरियल मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बालाघाट में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद हिना की गंभीर स्थिति कों देखते हुए डॉक्टर द्वारा उसे घर ले जाकर सेवा करने की सलाह दी गई थी, किंतु घर वापस लाते समय अचानक उसकी मृत्यु हो गयी। कलेक्टर ने सीएमएचओ कों निर्देशित किया कि वे इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील के ग्राम अंसेरा के निवासी थानीराम तामेश्वर बेटरी साईकिल प्रदान करने की मांग लेकर आए थे। तामेश्वर ने बताया कि वह विकलांग है और उसके हाथ पैरो में इतनी ताकत नही है कि वह नार्मल ट्राइसाईकिल का इस्तेमाल कर कहीं आना जाना कर सकें। तामेश्वर ने बताया कि उसे 04 सालों से ट्राइसाईकिल नहीं मिल पा रही है। उसने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसे शीघ्र ट्राईसाईकिल प्रदाय किया जाए। इसी तरह तिरोड़ी के वार्ड नं.04 ग्राम बोथवा के निवासी दिव्यांग खैमराज ठाकरे रोजगार की मांग लेकर आए थे। खैमराज ने बताया की वह 85 प्रतिशत विकलांग है जिस वजह से वह शिक्षित होते हुए बेरोजगार है। उसने 2025 में बीए उत्तीर्ण किया है और डीएड प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ है। उसने बताया की उसके दो बच्चें है व बूढ़े माता-पिता है जिनका पालन पोषण उसके द्वारा ही किया जाता है। खैमराज ने बताया कि उसके परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसी स्थिति में उसे रोजगार की सख्त आवश्यकता है। दोनो ही प्रकरणों में सामाजिक न्याय कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है।

# पीएचई विभाग के दल ने कोडबीकोना में पेयजल व्यवस्थाओ का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



18 नवम्बर को बिरसा विकासखंड के ग्राम कोडबीकोना में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री, लैब तकनीशियन, हैंडपंप तकनीशियन तथा विभाग की टीम द्वारा पेयजल व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान बताया गया कि ग्राम में कुल दो टोले स्थित हैं जिसमें मुख्य ग्राम में 15 परिवार तथा लाम्हेरीटोला में 05 परिवार निवास करते है। इन ग्रामों में पेयजल का स्त्रोत केवल कुऑ ही है।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के दल द्वारा निरीक्षण के दौरान इन दोनो स्थानों पर सभी पेयजल स्त्रोतों से पानी के नमूने लिए गए तथा सभी स्त्रोतों का क्लोरीनेशन कर डिसइन्फेक्शन किया गया। सभी जल स्त्रोतो से लिए गए नमूनों को ब्लॉक स्तर की एसएबीएल प्रयोगशाला में परीक्षण के लए भेजा गया है। इस दौरान ग्राम में प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2 नए हैंडपंप खनन का प्रस्ताव तैयार किया गया तथा दोनों हैंडपंपों के लिए स्थल चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उपयंत्री पीएचई बिरसा ने बताया कि इस ग्राम में सड़क मार्ग उपलब्ध न होने के कारण नल-जल योजना का कार्य वर्तमान में संभव नहीं है। अतः ग्राम में पेयजल आपूर्ति हैंडपंपों के माध्यम से ही की जाएगी।

# शिकायत : 40 परिवारों को बिजली-पानी नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के कोसमी पंचायत में 40 परिवारों को दशकों से बिजली और शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। शहर से सटे होने के बावजूद ये परिवार डिजिटल युग में भी लालटेन युग में जी रहे हैं।

इन परिवारों को शासकीय भूमि पर बसाया गया है। पूर्व सरपंच गगन नगपुरे के अनुसार, इन रहवासियों के पास राशन कार्ड हैं और उनके घरों के सामने सीमेंट की सड़कें भी बनी हैं, लेकिन बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

मंगलवार को कोसमी पंचायत के पूर्व सरपंच गगन नगपुरे ने इन 40 परिवारों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर मृणाल मीणा से मुलाकात की। उन्होंने कलेक्टर से इन परिवारों और उनके बच्चों के भविष्य के लिए आवासीय क्षेत्र में बिजली और नल-जल की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

नगपुरे ने बताया कि 2017 से बिजली के खंभे तो लगा दिए गए हैं, लेकिन इन खंभों तक अभी तक बिजली के तार नहीं पहुंचे हैं। इसके कारण रहवासियों को शुद्ध पेयजल के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से बिजली व्यवस्था, नल-जल योजना और आवास योजना का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने की अपील की।

यह स्थिति विभागीय दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को दर्शाती है, जहां दूरस्थ अंचलों में भी बिजली और पानी की समस्या बनी हुई है।

# उच्च शिक्षा विभाग की बैठक हुई सम्पन्न

### 19 नवम्बर को आयोजित रोजगार मेले पर हुई चर्चा

**बालाघाट।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ की अध्यक्षता में 18 नवंबर कों कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के सभी शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में श्री सराफ ने कहा कि वे 19 नवंबर कों होने वाले रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति उपलब्ध कराना सुनिश्चित कर ले जिससे की अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालाघाट द्वारा संयुक्त रूप से 19 नवबंर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के खेल मैदान में युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार व अप्रंटेशसिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं समग्र आईडी आदि लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जायेगा।

# खैरी में एड्स नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।

जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरी में मंगलवार 18 अक्टूबर को पंचायत सभाकक्ष में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लिंक वर्कर स्कीम के कार्यकर्ताओ के द्वारा एड्स नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लिंक वर्कर स्कीम के कार्यकर्ताओ के द्वारा एड्स नियंत्रण के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दि गई, एवं इसके रोकथाम व उपचार के बारे बताया गया साथ ही एचआईवी संक्रमण के प्रसार को कम करना व रोकना सहित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए आम जनो को एड्स नियंत्रण के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान एड्स नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रंम में सरपंच रामप्रसाद तीतरमारे, संतोष टेंभरे, राजेश डोहरे राधेश्याम कुमंभलवार सहित अन्य ग्रामीणजन एंव मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं को गुड टच-बेड टच और साइबर क्राइम की दी जानकारी

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत सांदीपनी स्कूल पहुंची पुलिस



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक शर्मा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी धमेन्द्र कुशराम के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान अभियान को अनुविभाग स्तर पर प्रभावी और संवेदनशील रूप में संचालित किया जा रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य न केवल गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की सुरक्षित दस्तयाबी सुनिश्चित करना है, बल्कि बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और कौशल विकास के प्रति समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता उत्पन्न करना भी है। इसी कड़ी में कटंगी पुलिस मंगलवार की दोपहर साढ़े 03 बजे नगर के सांदीपनी स्कूल पहुंची। जहां एसआई सरिता वैद्य और अन्य पुलिस कर्मियों ने विद्यार्थियों को मुस्कान अभियान, ट्रैफिक नियमों, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों की पहचान को लेकर भी सुझाव दिए गए। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और जागरूकता पुलिस की प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा बनाया गया एक चलचित्र भी दिखाया।

विद्यार्थियों को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जनजागरूक किया गया। साथ ही पास्को अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी छात्राओं को दी गयी। पुलिस ने बाल विवाह, बाल अपराध और बाल उत्पीड़न के दुष्प्रभावों के उदाहरण प्रस्तुत कर समझाइश दी गयी, ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। छात्राओं से संवाद कर उन्हें शिक्षा की ओर अग्रसर होने एवं अपने भविष्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# खैरलांजी में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन , मोतियाबिन्द आपरेशन के नेत्र रोगी जबलपुर रवाना




हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

मुख्यालय के शासकीय अस्पताल में 18 नवंबर मंगलवार को खंड चिकित्सक अधिकारी डा.खिलेंद्र पाल (बीएमओ ) के मार्गदर्शन में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान निशुल्क नेत्र शिविर में आंखो के मरीजो ने ओपीडी में पंजीयन कर नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. से अपना उपचार किया। चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन जबलपुर भेजा गया। नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन ने बताया की शिविर में 48 आंखो के मरीजो के द्वारा ओपीडी में पंजीयन कर उपचार प्राप्त किया। जिसमे से 17 नेत्र रोगी मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हे आपरेशन के लिए देव जी नेत्रालय जबलपुर रवाना किया गया । बताया की आगामी 25 नवंबर को पुन निशुल्क नेत्र शिविर मुख्यालय के शासकीय अस्पताल में आयोजित कर आंखो के मरीजो का उपचार कर उन्हे लाभान्वित किया जाएगा।

# सिरेगांव में युवक की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट के ग्राम सिरेगांव में 45 वर्षीय सुरेंद्र कालबेले की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लांजी थाना क्षेत्र में घटना मंगलवार को सामने आई है, जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई अशोक कालबेले ने बताया कि सुरेंद्र सोमवार को दिन में एक फलदान कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम करीब चार बजे गांव में ही एक किसान के खेत में काम करने गया था। वह रात को घर नहीं लौटा। अगली सुबह, अशोक के बेटे ने सुरेंद्र को घर के पास खेत में मृत अवस्था में देखा। उसने तुरंत परिवार के सदस्यों को सूचित किया, जिसके बाद लांजी पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया।

नवीन जनपद पंचायत के भूमि पूजन 5 करोड़ 65 लाख से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात

# किरनापुर में नवीन जनपद पंचायत भवन के भूमि पूजन व शॉपिंग कंपलेक्स के लोकार्पण में पहुंचे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के लिए विभिन्न मदों में राशि दी जाती है, लेकिन ग्राम पंचायतों को इस पर निर्भर न रहकर अपनी आय बढ़ानी चाहिए। सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को प्रयास करना चाहिए कि हमारी पंचायतें स्वच्छ, सुदंर और स्वावलंबी बनें। सरपंच एवं पंच ग्राम पंचायत में ऐसे विकास कार्य कराए कि आने वाली पीढ़ी में उन्हें लंबे समय तक याद रखे। यह बातें मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 05 करोड़ 65 लाख 67 हजार रुपए की लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी, गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, श्रीमती लता एलकर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे,जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती मीरा सिंघनधुपे, एसडीएम एमआर कोल, जनपद अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह राणा, जनपद उपाध्यक्ष भुवनलाल रहांगडाले, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवीचरण पारधी, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, क्षेत्र की पंचायतों के सरपंच, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने किरनापुर क्षेत्रवासियों को कुल 5 करोड़ 65 लाख 67 हजार रुपए की विकास सौगात प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने जनपद सदस्यों की निधि से 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 22 दुकानों का लोकार्पण किया। साथ ही 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपए की लागत से बनने वाले नए जनपद पंचायत भवन के लिए भूमि पूजन किया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि उनके विभाग द्वारा 2427 ग्राम पंचायतों में भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण की मंजूरी दी गई है। जिन पंचायतों में ग्राम पंचायत भवन नही थे एवं सामुदायिक भवन नही थे, ऐसी पंचायतों को प्राथमिकता से यह कार्य स्वीकृत किये गए है। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का मंत्री बनने के बाद उन्होंने ग्राम पंचायतों के भवन निर्माण के लिए नई डिजाईन तैयार की है। अब ग्राम पंचायत भवन दो मंजिला एवं जनपद पंचायत भवन तीन मंजिला तक जा सकते है। इन भवनों में पार्किंग, गार्डन एवं अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। यह भवन भविष्य में आने वाली जमीन की समस्या को देखते हुए डिजाईन किये गए है। इन नए पंचायत भवनों को अटल ग्राम सेवा सदन के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने सरपंचो से कहा कि ग्राम पंचायत भवन में सोलर पेनल लगवाए जिससे उनका बिजली बिल का खर्च कम हो जाएगा। इसी प्रकार नलजल योजना के लिए भी सोलर पेनल लगाए जाए।

नियम-कायदे ताक पर अफसरशाही हावी दनादन हो रहे भुगतान

# नगर परिषद कटंगी में भ्रष्टाचार का बोलबाला




**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर परिषद कटंगी और विवादों का पुराना नाता रहा है। नगर परिषद के भीतर अफसरशाही हावी है और जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि यानी पार्षदों को कोई खास तवज्जो नहीं दी जाती। सीएमओ, लेखापाल से लेकर उपयंत्री और यहां तक की कर्मचारी भी पार्षदों की नहीं सुनते ऐसा एक नहीं बल्कि कई मौकों पर देखा भी गया है। खासतौर पर जब योगेन्द्र ठाकुर ने अध्यक्ष पद की कमान संभाली और फिर उनका अचानक से स्वास्थ्य बिगड़ गया। इसके बाद तो अधिकारी और कर्मचारी बेलगाम हो गए। इनके बेलगाम होते ही नगर परिषद में भ्रष्टाचार भी चरम पर पहुंच गया है। अधिकारी पार्षदों को नजरअंदाज कर अपनी मनमर्जी चला रहे है. विश्वसीयन सूत्रों की माने तो बिना बजट प्रस्ताव तैयार किए ही अब तक कई लाखों रुपए के फर्जी बिलों का भुगतान कर दिया गया है। नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी यानी सीएमओ ने नियमों को ताक पर रखकर लाखों रुपए के बिलों का भुगतान करवाया है जिसकी जानकारी वार्डो के पार्षदों को भी नहीं है।

विदित हो कि नगर परिषद में बजट और अन्य विषयों को लेकर दो बैठक हुई लेकिन इन दोनों ही बैठकों के बजट और कार्यों में सहमति नहीं बन पाई बावजूद इसके बिना बजट पारित किए ही विकास के नाम पर कार्य कर दिए गए और भुगतान भी कर दिया गया इसके अलावा स्वच्छता अभियान के नाम पर सामग्री क्रय की गई जिसमें कथित तौर पर बड़ा फर्जीवाड़ा कर बिलों का भुगतान कर दिया गया और अन्य कार्यो का भुगतान निरंतर जारी है जबकि नगर परिषद में बिना प्रस्ताव पारित किए और बजट के बिना अनुमति के कोई भी बड़ा कार्य नही किया जा सकता है साथ ही बजट को परिषद की बैठक में पारित करना अनिवार्य है और परिषद के सदस्य ही विकास कार्यो से जुड़े प्रमुख निर्णय लेते हैं नियम अनुसार बजट आम तौर पर वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने से पहले पारित किया जाता है जो अप्रैल माह से प्रारंभ होकर 31 मार्च को समाप्त होता है इस प्रक्रिया में परिषद द्वारा बजट का मसौदा तैयार करना और परिषद की बैठक में पारित करना अनिवार्य होता है किंतु नगर परिषद कटंगी मे अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और बगैर बजट के कार्य और भुगतान हो रहें है।

गौर करने वाली तो यह है कि एक तरफ परिषद में जहां अफसरशाही हावी है वहीं दूसरी तरह ठेकेदारों और अफसरों की मिलीभगत से गुणवत्ताविहीन कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। शहर के अलग-अलग वार्डों में बनी सीसी सड़क इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। सड़के बनने के बाद ही उखड़ रही है। वार्ड क्रमांक 15 में बनी सीसी सड़क बनते के साथ ही उखड़ने लगी और गिट्टी निकल गई है अभी वर्तमान में वार्ड क्रमांक 12 में सीसी सडक कार्य जारी है जिसमें ठेकेदार द्वारा भारी मात्रा में भ्रष्टाचार कर गुणवत्ताविहीन कार्य किया जा रहा है बताया तो यह भी जा रहा है की यहां ठेकेदार भी सेटिंग से तय किए जाते है और फिर कमिशन के चक्कर में विकास कार्यों का बंटाधार होता है। इसी प्रकार डीजल-पेट्रोल खरीदने में भी भारी अनियमितता जोरों पर है। नगर परिषद में भ्रष्टाचार चरम पर है और इस पर लगाम लगाने वाले खामोश बैठे है।

### इनका कहना है

आन लाइन बजट हमने शासन को भेज दिया है नगर परिषद में बजट पारित की कार्यवाही नहीं हुई है।

**राधेश्याम चौधरी**
**मुख्य नगर परिषद अधिकारी कटंगी**